## संक्षिप्त

### विद्यार्थियों को बांटी शिक्षण सामग्री

**श्रीमाधोपुर।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नम्बर 2 श्रीमाधोपुर में जरूरतमंद बच्चों की पढ़ाई की शिक्षण सामठाी आड़े नहीं आये, इसके लिए समाज सेवक दोस्त फाउंडेशन द्वारा चलाई जा रहे नि:शुल्क शिक्षक सामठाी अभियान के तहत बच्चों को शिक्षण सामठाी वितरित की गई ।इस अभियान का उद्देश्य गरीब बच्चों को आर्थिक संबल प्रदान कर शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराना है ताकि वह समाज की मुख्य धारा से जुड़कर अपना भविष्य संवार सके। फाउंडेशन सदस्य विमल कुमार पबड़ी ने बताया कि ऐसे बच्चे जिनके पिता नहीं है या ऐसा असाध्य रोग से ठासित होने के कारण कमाने में असमर्थ है उनके लिए फाउंडेशन ने नि:शुल्क शिक्षण सामठाी वितरण अभियान चला रखा है जिसके तहत 120 सरकारी स्कूलों के 1400 गरीब बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरित की जा रही है। यह अभियान हर साल नए सत्र की शुरुआत में चलाया जाता है। शिक्षण सामग्री में बैग, कॉपियां, ज्योमेट्री बॉक्स एवं पेन-पेंसिल के पैकेट वितरण किए गए । इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाध्यापक हंसराज वर्मा ने फाउंडेशन के सदस्यों का स्वागत किया।

### लैंस प्रत्यारोपण शिविर आज

**श्रीमाधोपुर।** आई रिसर्च सेंटर सोसाइटी एवं जिला स्वास्थ्य समिति अंधता निवारण जयपुर के सहयोग से लायंस क्लब श्रीमाधोपुर की ओर से 49 वां शिविर 12 जुलाई शनिवार को सहाय हॉस्पिटल जयपुर के सानिध्य में राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीमाधोपुर में सुबह 9:30 से दोपहर 12 बजे तक नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित किया जाएगा। सीताराम सैनी पूर्व वैज्ञानिक ने बताया कि नेत्र रोगियों की जांच कर अनुभवी डॉक्टरों द्वारा आधुनिक तकनीकी से बिना टांके मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जाएगा। मोतियाबिंद का ऑपरेशन करवाने वाले रोगियों को चश्मा, भोजन एवम रहने की व्यवस्था नि:शुल्क रहेगी।

### मूलभूत सुविधाओं से त्रस्त नौनिहाल

**फुलेरा।** कस्बे सहित ग्रामीण अंचल में संचालित कई आंगनबाड़ियों में नौनिहाल विद्युत के अभाव में जी रहे है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त समस्या के लिए विभागीय अधिकारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को कई बार अवगत करवाने के पश्चात भी अभी तक हालात जस के तस है। वहीं आकाश्या टीबा पर संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र में विद्युत नहीं होने की वजह से भीषण गर्मी में बच्चों और कार्मिकों को गर्मी सहना एक मजबूरी बनी हुई है। इसी क्रम में केन्द्र के अभिभावक सूरज दगदी ने बताया कि हर रोज बच्चे गर्मी में परेशान हो रहे है। लेकिन विभागीय अधिकारियों को कोई फिक्र नहीं है। उन्होंने संबंधित विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द इस आंगनबाड़ी में विद्युत कनेक्शन करवाए, जिससे कि बच्चे परेशान ना हो।

# सड़क पर जलभराव से लोग हो रहे परेशान, नाली निर्माण की मांग

- बारिश ने खोली नगरपालिका की पोल, प्रभात कॉलोनी व विद्यालय मार्ग बना तालाब
- जान-जोखिम में डाल विद्यालय पहुंचने को मजबूर नौनिहाल
- सालों बाद भी नहीं मिला जल निकासी का स्थायी समाधान



पावटा में प्रभात कॉलोनी में व्यापारी विरोध जताते।

**पावटा, (निसं)।** अचानक हुई तेज बारिश ने पावटा प्रागपुरा नगरपालिका की बारिश पूर्व तैयारी और जल निकासी व्यवस्था की पोल खोल दी। पावटा कस्बा स्थित प्रभात कॉलोनी व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा जाने वाले मुख्य सडक़ मार्ग के बीचोंबीच बरसात के कारण गहरे गड्ढों में पानी भर जाने से आवागमन बाधित हो गया है। मुख्य रास्ते पर बरसात के चलते बीच सडक़ में बने गहरे गड्ढों में बरसात का पानी भरा रहने से पानी व कीचड़ भरा होने से आवागमन करने वाले राहगीरों व विद्यालय में नए शैक्षिणक सत्र की शुरुआत के साथ स्कूली बच्चों को भी इस मार्ग से गुजरना पड़ रहा है। जलभराव से उन्हें भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों ने सड़क के किनारे नाली निर्माण और सडक के जीर्णोद्धार की मांग की है। नौनिहाल बच्चे कई बार चिकनी मिट्टी की फिसलन कीचड युक्त पानी में गिरकर चोटिल भी हो रहे है, पानी में फिसलने के दौरान छोटे बच्चों के चप्पल जूते भी पानी में फंसकर दुर्घटनाठास्त हो रहे है, जिसकी शिकायत ठाामीण कई बार पालिका प्रशासन व उपखण्ड प्रशासन को दे चुके है। परन्तु आज तक कोई समाधान नही किया जाने से ठाामीणों में प्रशासन के प्रति गहरा रोष व्याप्त है। वही पावटा कस्बा स्थित प्रभात कॉलोनी मार्ग पर जलभराव की समस्या गंभीर हो गई है। सड़क पर जमा पानी के कारण तालाब जैसी स्थिति बन गई है। राहगीर इस मार्ग पर गिरकर घायल हो रहे हैं। जलभराव के कारण दुकानों पर ठााहकों की आवाजाही कम हो गई है। इससे व्यापारियों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। स्थानीय निवासी प्रभात कॉलोनी अध्यक्ष नरेश यादव, छाजूराम यादव, कैलाश यादव, साबू मिस्त्री, नेतराम मिस्त्री, सुरेश दीवान, जयसिंह चौधरी, सुरेश मुनीम, सुरेश शर्मा, रामस्वरूप आदि ने बताया कि पिछले कई सालों से सड़क पर पानी जमा होने की समस्या बनी हुई है। पानी की निकासी न होने से सड़क तालाब में बदल जाती है। जलभराव से क्षेत्र में संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। प्रभात कॉलोनी की सड़कों पर भारी जलजमाव हो गया, जिससे दुकानदारों, राहगीरों और आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जल जमाव के कारण ठााहक अब दुकानों तक पहुंचने से कतराने लगे हैं। उनका कहना है कि मुख्य बाजार में स्थिति जस की तस बनी हुई है। नगरपालिका को इस दिशा में स्थायी और मजबूत नाला निर्माण की आवश्यकता है। लगातार हो रही बारिश से प्रभात कॉलोनी स्थित कई दुकानों में पानी घुस गया। दुकानदारों ने बताया कि कई दुकानदारों का सामान भीग गया, जिससे उन्हें भारी नुकसान हुआ। नगरपालिका गठन के बाद भी जल निकासी की स्थायी व्यवस्था नहीं हो पाई है। लोगों का कहना है कि नगरपालिका बनने के बाद उम्मीद थी कि जलजमाव की समस्या का समाधान होगा, लेकिन चुनावी वादे सिर्फ कागज़ों तक सीमित रह गए हैं। स्थानीय प्रशासन से इस समस्या के समाधान की मांग की जा रही है।

## सार-समाचार

### 55 यूरिया व 13 एनपीके के बैग जब्त



**कोटपूतली।** राज्य सरकार द्वारा किसानों को गुणवत्तायुक्त कृषि आदान यथा बीज, उर्वरक व कीटनाशी रसायनों की उपलब्धता निर्धारित दर पर सुनिश्चित करने हेतु जिले में गुण नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में बीज, उर्वरक व कीटनाशी रसायन विक्रेताओं का सघन निरीक्षण कर नमूने लेकर जांच हेतु प्रयोगशाला में भिजवाये जा रहे है एवं जांच में अमानक पाये जाने पर विक्रेता व निर्माता कम्पनी के विरुद्ध प्रावधान अनुसार कानूनी कार्यवाही की जायेगी। संयुक्त निदेशक कृषि महेंद्र जैन ने बताया कि इसी क्रम में शुक्रवार को विभाग को सूचना मिली कि नारायणपुर में अवैध रुप से यूरिया एवं एनपीके विक्रय के लिये लाया गया है। विभाग द्वारा तत्काल मौके पर उर्वरक निरीक्षकों को भेजा गया। मौके पर पाया गया कि मैसर्स हरियाली एग्रो क्लिनिक सैन्टर नारायणपुर द्वारा 55 यूरिया एवं 13 एनपीके के बैग अवैध गोदाम से किसानों को विक्रय किये जा रहे है। विक्रेता के पास उर्वरकों के क्रय बिल एवं पोस मशीन भी नही पायी गयी। मौके पर तत्काल संयुक्त निदेशक कृषि कोटपूतली के निर्देशन में कृषि अधिकारी शिगरधारी लाल गुर्जर, यादराम, लक्ष्मण गुवारिया एवं क्षेत्रीय सहायक कृषि अधिकारी हेमराज सैनी द्वारा अवैध यूरिया एवं एनपीके की जब्ती की कार्यवाही की गई। मौके पर स्थानीय पुलिस प्रशासन का सहयोग लिया गया एवं जब्त यूरिया एवं एनपीके को जीएसएस, नारायणपुर, बास बेरीसाल में सुरक्षित रखवाया गया। विभाग द्वारा दोषी विक्रेता के विरुद्ध पुलिस थाना नारायणपुर में एफआईआर कराई जायेगी।

### नगर कांगेस कमेटी ने सौंपा ज्ञापन

**मनोहरपुर, (निसं)।** नगर पालिका को विभिन्न मांगों को लेकर शनिवार को हर्षोल्लास नगर कांठोस कमेटी मनोहरपुर के अध्यक्ष अलाउद्दीन खां के नेतृत्व में कांठोस कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में शहर की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की गई है, जिनमें पट्टे जारी करने, रोड लाइट, सड़क, नाली, सुलभ शौचालय, बंदर और आवारा पशुओं को पकड़वाने, कचरे को रिसाइकल के माध्यम से निस्तारण और बस स्टैंड से सब्जी मंडी तक अवरुद्ध नालियों की सफाई और मरम्मत शामिल हैं। इस दौरान कांठोस कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन में मांग की है कि शहर की विभिन्न समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि शहर की समस्याओं को लेकर कांठोस पार्टी लगातार संघर्ष कर रही है और अब नगरपालिका को इन समस्याओं का समाधान करना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व सरपंच अर्जुन मोहनपुरिया, पार्षद प्रेम देवी, कैलाश गुर्जर, रवि कुमार मीणा, ब्लॉक कांठोस प्रवक्ता राकेश हलकारा, खेमचन्द असवाल, गुलाब असवाल, हमीद खां, पंकज मिश्रा, विजेंद्र प्रजापत, धर्मवीर असवाल, मंगल सैनी, ताराचंद बेनीवाल, रामस्वरूप बेनीवाल, ब्लॉक कांठोस कमेटी उपाध्यक्ष निशार खोकर, हफीज खां, मुनीर मनियार, मनीष मालाकार आदि कांठोसजन शामिल थे।

### अवैध निर्माण को लेकर सौंपा ज्ञापन

**टोंक।** दूनी क्षेत्र निवासी प्रहलाद गुर्जर जाति गुर्जर ने तहसीलदार दूनी को ज्ञापन प्रस्तुत कर बताया कि उसकी खातेदारी की भूमि पर अतिक्रमण कर निर्माण करने के मामले मे कार्यवाही की मांग की है। इस दौरान परिवादी लक्ष्मण पुत्र प्रहलाद गुर्जर निवासी सरोली तहसील दूनी की भूमि ग्राम सरोली मे दूनी मार्ग पर स्थित है, उक्त भूमि के पास ही बच्छराज सैनी की भूमि भी स्थित है, उक्त भूमि का विकय बच्छराज सैनी ने श्रीराम मीणा कर दिया था। जिस पर श्रीराम मीणा ने उक्त भूमि पर निर्माण कार्य प्रारम्भ कर तथा अपनी सीमा के अलावा परिवादी प्रहलाद की खातेदारी भूमि मे आने वाले आम रास्ते पर भी अवैध निर्माण किया जा रहा है। उक्त प्रकरण में प्रहलाद ने श्रीराम मीणा को कई बार अवैध निर्माण हेतु रोका पर मीणा ने प्रार्थी प्रहलाद को धमकाया कर कहा कि मै वर्तमान मे तहसील कार्यालय मे गिरदावर के पद पर हूँ और मै जबरन इस आम रास्ते पर भी निर्माण करूंगा। इस दौरान मीणा ने गाली गलोच कर मारपीट करने तथा उक्त आम रास्ते मे जबरन निर्माण कार्य करने का कार्य निर्माण जारी हैं। उक्त प्रकरण प्रहलाद ने तहसीलदार से निवेदन कर मीणा के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु लिखा तथा आम रास्ते पर अवैध निर्माण कार्य नही करने की मांग की।

### विश्व जनसंख्या दिवस पर शिविर

**शाहपुरा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला जयपुर अध्यक्ष अजित कुमार हींगर एवं तालुका विधिक सेवा समिति शाहपुरा अध्यक्ष ललिता शर्मा अपर जिला एवं सत्र सैशन न्यायाधीश प्रथम के निर्देशानुसार पैरा लीगल वॉलिन्टियर दिनेश कुमार शर्मा ने राडावास ठााम पंचायत में महात्मा गांधी बालिका राजकीय विद्यालय में विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर शिविर आयोजित किया।इस शिविर की अध्यक्षता प्रिंसिपल कुंज बिहारी बालोटिया ने की। पैरा लीगल वॉलिन्टियर दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने 1989 मे प्रस्ताव पारित किया और 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस पर परिवार नियोजन को सशक्त बनाने का प्रस्ताव रखा । इस दौरान पौधारोपण किया गया।

## सावन के दूसरे दिन उमड़ी शिवालयों में भीड़

**पावटा, (निसं)।** सावन के दूसरे दिन शुक्रवार को पावटा कस्बा सहित ठाामीण क्षेत्रों के शिव मंदिरों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। सबसे अधिक भीड़ बाबा भूतनाथ जोहड़ा धाम मंदिर पावटा पर रही। भोर से ही भक्तों के पहुंचने का जो सिलसिला शुरु हुआ, वह शाम तक जारी रहा। दर्शन-पूजन करने वालों में महिलाओं और युवतियों की संख्या अधिक रही।

इस वर्ष सावन माह की शुरुआत 10 जुलाई से हुई है। पहले दिन भी पावटा कस्बे के बाबा भूतनाथ जोहड़ा धाम मंदिर पावटा, हखडेत हनुमान मंदिर, नरसिंह जी का मंदिर, गणेश जी का मंदिर, राठी वाला मंदिर, गोपाल भैया मंदिर के साथ अन्य ठाामीण क्षेत्रों के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। सबसे अधिक भीड़ बाबा भूतनाथ जोहड़ा धाम मंदिर पावटा पर रही। यहां सैकड़ों की संख्या में भक्त पहुंचे।

मंदिर में पूजा के लिए श्रद्धालु पूजा सामठाी की दूकानों से फूल-माला, बेलपत्र, भांग, धतूरा दूध, प्रसाद आदि की खरीदारी कर बाबा का जयघोष करते हुए मंदिर में प्रवेश किया। इसके बाद बाबा का दर्शन-पूजन कर अपने और परिवार की मंगल की कामना की। दर्शन-पूजन करने वालों में महिलाओं और युवतियों की संख्या अधिक रही। सावन में इस मंदिर पर बड़ी संख्या में कांवरिए बाबा का जलाभिषेक करने के लिए पहुंचे। सुबह से लेकर देर रात तक दर्शन-पूजन के लिए भक्तों का तांता लगा रहेगा। बाबा भूतनाथ जोहड़ा धाम मंदिर महंत जयराम दास महाराज ने कहा कि पावटा कस्बा स्थित बाबा भूतनाथ जोहड़ा धाम मंदिर अति प्राचीन और चमत्कारी मंदिर है।


जहां पूरे साल भर भक्तों की अटूट आस्था देखने को मिलती है और सावन में यह आस्था और भी ज्यादा बढ़ जाती है। यहां पर श्रद्धालु अपनी मनोकामना लेकर आते हैं जिसे महादेव पूरी कर देते हैं। यहां पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु महादेव का जलाभिषेक और विशेष पूजा अर्चना भी करते है। इसके अलावा हर सोमवार को यहां पर महादेव के लिए श्रद्धालु विशेष आयोजन भी करते है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आवारा पशुओं का डेरा

- रात्रिकालीन समय में न तो मरीजों के लिए कोई समुचित सुविधा उपलब्ध है और न ही अस्पताल में कोई सुरक्षा गार्ड तैनात रहता है

**नारायणपुर, (निसं)।** कस्बे का आदर्श सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इन दिनों बदहाल व्यवस्था और लापरवाही का प्रतीक बनता जा रहा है। अस्पताल परिसर अब मरीजों के लिए नहीं, बल्कि आवारा पशुओं की शरणस्थली बन गया है। शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे अस्पताल परिसर के अंदर एक आवारा सांड बैठा हुआ मिला, जिसने सरकारी चिकित्सा व्यवस्था की पोल खोल दी।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल में सुविधाओं के नाम पर सिर्फ औपचारिकता निभाई जा रही है।



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर के अंदर बैठा आवारा सांड।

खासकर रात्रिकालीन समय में न तो मरीजों के लिए कोई समुचित सुविधा उपलब्ध है और न ही अस्पताल में कोई सुरक्षा गार्ड तैनात रहता है। ऐसे में रात के समय अस्पताल परिसर आवारा पशुओं के लिए खुले मैदान में तब्दील हो चुका है।ग्रामीणों ने इस स्थिति पर नाराजगी जताते हुए कहा कि एक ओर सरकार अस्पतालों को आदर्श बनाने की बात करती है, वहीं दूसरी ओर ज़मीनी हकीकत इसके उलट नज़र आती है। अस्पताल प्रशासन की इस लापरवाही के कारण मरीजों की सुरक्षा और स्वास्थ्य दोनों खतरे में पड़ गए हैं।इस मामले को लेकर जब सीएचसी प्रभारी डॉ. पूरण मल चौधरी से प्रतिक्रिया मांगी गई, तो उन्होंने कोई भी जवाब देने से इनकार कर दिया।

## लोकसभा अध्यक्ष का स्वागत

**टोंक।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का कोटा से जयपुर जाते समय मुख्यालय स्थित शकुंतलम होटल पर भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष चौहान ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को माला, साफा, स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया।

इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि आज विश्व स्तर पर भारत का मान बढ़ा है, वर्तमान में भारत पूरे विश्व का नेतृत्व करने की भूमिका निभा रहा है, आज भारत देश नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। हमारे देश मे लोकतंत्र में सभी व्यक्ति को अभिव्यक्ति की आजादी है। प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है, जिससे जिले व प्रदेश में नए नए विकास कार्य हो रहे हैं। इस अवसर जिला प्रमुख सरोज बंसल, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पराना, जिला महामंत्री विष्णु शर्मा, प्रभु बाडोलिया, पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन, जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी, प्रधान काबरा, कार्यालय मंत्री ओम प्रकाश पांडे, जिला मंत्री नीलिमा आमेरा, बीना छामुनिया, तरुण टिक्किवाल, जिला मीडिया प्रभारी कमलेश यादव, आईटी संयोजक लोकेश गुप्ता, प्रवक्ता पंकज पहाड़िया, सह सोशल मीडिया प्रभारी बलवंत मराठा, ममता शर्मा सीमा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शिविर का आयोजन

**डीग/भरतपुर (निस)।** ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई अटल जन सेवा शिविर का आयोजन जुलाई माह के शुक्रवार को पंचायत समिति सभागार में किया गया।

जनसुनवाई की बैठक को सम्बोधित करते हुए गृह राज्य मंत्री बेढ़म ने कहा कि सभी अधिकारी जनसुनवाई, रात्रि चौपाल एवं विभिन्न पोर्टल के माध्यम से प्राप्त होने वाली परिवेदनाओं का त्वरित निस्तारण कर आमजन को राहत पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशानुरूप सभी अधिकारी शिकायत अथवा परिवेदना का शुरूआती स्तर पर ही निस्तारण करना सुनिश्चित करें ताकि आमजन को अपने परिवेदना के निस्तारण के लिए भटकना ना पड़े। उन्होंने सभी अधिकारियों को पूर्ण संवेदनशीलता एवं गंभीरता के साथ आमजन की बात सुनने तथा उसके निस्तारण के लिए त्वरित प्रयास करने की बात कही। बैठक के दौरान गृह राज्य मंत्री ने विभिन्न प्रकरणों में अब तक हुई कार्यवाही की जानकारी ली।

## चोरों ने मकान की खिड़की तोड़कर नकदी व आभूषण चुराए

- चोर गिरोह क्षेत्र में सक्रिय, पुलिस वारदातों पर अंकुश लगाने में नाकाम

**पावटा, (निसं)।** प्रागपुरा थाना क्षेत्र के फतेहपुरा खुर्द के गांव रूपपुरा की ढाणी रावतो की में गुरुवार देर रात चोरों ने एक मकान की खिड़की तोड़कर हजारों की नकदी और सोने-चांदी के आभूषण पार कर दिए।

पीड़ित महावीर पुत्र हनुमान निवासी रूपपुरा हनुमान नगर ने बताया कि गुरुवार की रात वह परिवार के साथ घर के बाहर चौक में सो रहा था। घर के कमरे के दरवाजे को बंद कर रखा था। देर रात अज्ञात चोरों ने घर के कमरे के पीछे जंगले को उखाड़कर घर के अंदर कमरे में रखे संदूक में से मेरी पत्नी के जेवर दो सोने का मंगलसूत्र, दो चांदी की अंगूठी, दो सोने की अंगूठी, एक जोड़ी चांदी की पायल, एक तागड़ी चांदी की, एक बोरिया सोने का, एक सोने की नथ, तीन चांदी के सिक्के, चार जंजीर चांदी की जिनकी कीमत करीब 3 लाख रूपये है व संदूक में रखे करीब 53 हजार रुपये नकद चोरी कर ले गए। सुबह परिजन जब जागे तो देखा कमरे का सामान बिखरा पड़ा था। वही घर में रखा संदूक बाहर खेतों में पड़ा मिला। वही मेरे बड़े भाई रूड़ाराम के मकान के जंगले को उखाड़कर चोरी करने का प्रयास किया। घटना की सूचना लगते ही मौके पर जीएसएस अध्यक्ष बजरंग लाल यादव लाडाकाबास पूर्व सरपंच मदन यादव, पूर्व उपसरपंच भीवाराम रावत, कालूराम रावत, पप्पूराम गुर्जर, आदि लोग पहुंचे व प्रागपुरा थाना पुलिस को सूचना दी गई। प्रागपुरा थाने से विनोद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। परिजनों से जानकारी लेकर घटनास्थल की जांच-पड़ताल की। क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ रही है। चोर तीन-चार महीने से एक के बाद एक चोरियां करते जा रहे हैं और पुलिस लकीर पीटने के अलावा कुछ नहीं कर पा रही है।



चोरी की वारदात का मौका मुआयना करती पुलिस।

इससे क्षेत्रवासी परेशान हैं और अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। पिछले चार महीनों में क्षेत्र के कई जगहों पर चोरी की घटनाएं हो चुकी है। चोर अपना निशाना मंदिरों और दुकानों को बना रहे हैं। चोरी की ज्यादातर घटनाएं में दुकानों में हुई है। वहीं सूने मकानों में भी चोरी की घटना होना आम बात हो गई है। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि चोरों को पकड़कर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही रोजाना रात में सर्चिंग की कार्रवाई की जाए। लोगों का कहना है कि लगातार हो रही घटना को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन को प्लानिंग करने की आवश्यकता है। चोरी से परेशान होकर कुछ दिन पहले व्यापारियो ने पुलिस प्रशासन को इस संबंध में सुरक्षा देने की मांग की है। इसके बाद भी अब तक वारदातों पर अंकुश नहीं लग पाया है। ऐसा माना जा रहा है कि चोर गिरोह क्षेत्र में सक्रिय है।

### बैठक आयोजित

**भरतपुर (निस)।** जिला कांग्रेस कमेटी भरतपुर के कार्यकारिणी सदस्यों एवं समस्त ब्लॉक अध्यक्षों तथा अठिाम संगठनों के अध्यक्षों की आवश्यक बैठक कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा की अध्यक्षता में जिला कार्यालय पर संपन्न हुई।

जिला संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने बताया कि पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार पूरे जिले में समस्त ब्लॉक इकाइयों के माध्यम से मंडल तथा बीएलए कार्यकारिणियों का गठन किया जा रहा है। इसी सिलसिले में आज जिले के प्रमुख पदाधिकारीयो की बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा ने उक्त कार्यकारिणियों का जल्दी गठन करने पर जोर देते हुए कहा कि पूरे जिले में कांग्रेस संगठन के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना हमारा पहली प्राथमिकता रहेगी। सूपा ने ब्लॉकबार सभी ब्लॉक अध्यक्षों से मंडल तथा बीएलए कार्यकारिणियों के बारे में तथा ब्लॉक संगठनों की प्रगति रिपोर्ट भी ली। सूपा ने फ़ांग्रेसियों को आवाहन करते हुए कहा कि निकट भविष्य में निकाय चुनाव होने जा रहे हैं। निकाय चुनावों में कांग्रेस पार्टी का परचम फहराने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को अभी से रणनीति बनाकर तैयारी करनी होगी। जिन विधानसभा क्षेत्रों में प्रशासनिक स्तर पर परिसीमन तथा वोटर लिस्ट में लापरवाही या गड़बड़ी की जा रही है, उनको चिन्हित करसक्षम अधिकारियों को बताकर संशोधन करवा लेना चाहिए। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दयाचंद पचौरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा का माला तथा साफा पहनाकर अभिनंदन किया।

## ‘अवैध खनन गतिविधियों पर प्रभावी कार्यवाही करें’



टोंक मे जिला कलैक्टर कल्पना अग्रवाल ने अवैध खनन, परिवहन और भंडारण की रोकथाम को लेकर बैठक ली।

**टोंक।** जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने शुक्रवार को जिले में अवैध खनन, परिवहन और भंडारण की रोकथाम को लेकर बैठक ली, इस दौरान उन्होंने राजस्व, खनिज, परिवहन, पुलिस एवं वन विभाग के अधिकारियों को अवैध खनन पर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला कलेक्टर ने कहा कि जिले में अवैध खनन को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके लिए एसआईटी मुख्य सड़क मार्गों (गुंसी एवं डिग्गी) पर बनाए गए नाकों पर खनन में प्रयुक्त वाहनों की सख्ती से जांच करें, साथ ही, अवैध खनन गतिविधियों के स्त्रोत, स्थान एवं भंडारण को चिन्हित करें। उन्होंने सहायक खनिज अभियंता सोहन लाल सुथार को निर्देश दिए कि अवैध खनन गतिविधियों वाले क्षेत्रों में मशीनरी एवं वाहनों को जब्त कर सख्त कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएं। उन्होंने एसडीओ टोंक को निर्देश दिए कि अवैध खनन में लिप्त लोगों पर धारा 177 में दर्ज प्रकरणों पर अब तक हुई कार्रवाई की रिपोर्ट प्रस्तुत करें।जिला कलेक्टर ने कहा कि मुख्य सड़क मार्गों के अतिरिक्त अन्य सड़क मार्गों से होने वाले अवैध खनन की आवाजाही को रोकने के लिए सूचना तंत्र को मजबूत करें। उन्होंने परिवहन विभाग के अधिकारियों को कहा कि बिना नंबर वाली ट्रैक्टर ट्रॉली, ओवरलोड एवं अवैध खनन कर रहे वाहनों को जब्त कर भारी पेनल्टी वसूले। जिला कलेक्टर ने वन विभाग के उपवन संरक्षक मरिय शाइन ए को वन क्षेत्रों में चौकसी बढ़ाने के लिए निर्देशित किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बृजेंद्र सिंह भाटी ने कहा कि पुलिस विभाग, प्रशासन, वन, परिवहन एवं खनिज विभाग के साथ आपसी समन्वय के साथ कार्य कर रहा है।